सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 178 | जौनपुर, शनिवार, 15 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## 5 स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे गरीबों के मांगलिक कार्यक्रम – योगी आदित्यनाथ



, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब गरीबों और आर्थिक दृष्टि से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के कार्यक्रम भी फाइव स्टार सुविधाओं से युक्त होंगे और कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ माह में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे। इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपये में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं। सीएम योगी गुरुवार को करीब 103 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए खोराबार टाउनशिप में नगर निगम की तरफ से आयोजित लोकार्पण– शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण का लोकार्पण किया। कुल 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा उन्होंने 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण मंडपम का उद्घाटन नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। किसी भी मांगलिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास साधन हैं वे होटलों या बड़े लॉन में कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, जो गरीब हैं वे कहां जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम और विकास प्राधिकरण से कहा था कि कल्याण मंडपम के रूप में ऐसा स्थान हो जहां गरीब, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के वैवाहिक आयोजन, मांगलिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण तरीके से हो सकें। इस कल्याण मंडपम में सभागार, डॉरमेट्री, 6 रूम, किचन और लॉन भी है। सीएम योगी ने कहा कि कल्याण मंडपम गरीबों, निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिए स्थायी संपदा हैं जहां फाइव स्टार सुविधाएं हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर नगर निगम और नगर निकायों को विकास की अन्य अनेक योजनाओं की सौगात मिल रही है। इसमें एक महत्वपूर्ण परियोजना पशु शवदाह गृह की है। इससे जानवरों के शव के अंतिम संस्कार की समस्या का समाधान होगा और लोगों को बदबू से मुक्ति मिलेगी। घंटाघर के बगल में स्थित शहीद बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण युद्धस्तर पर हो रहा है। पार्कों के विकास, सड़कों के चौड़ीकरण व जलनिकासी की परियोजनाओं पर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना के पूर्ण होते ही शहर को जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देसी विधि से राप्ती नदी में गिरने वाले लिक्विड वेस्ट, दूषित जल का शोधन किया जा रहा है जिसका इस्तेमाल खेती में होगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से विकास यात्रा में सहभागी बनने और स्वच्छता के प्रति आग्रही बनने की अपील की। इसके लिए आज विमोचित स्वच्छता कॉमिक का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 40 वर्ष में गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश ने गंदगी के कारण होने वाली मौतों को देखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सौरभ भारद्वाज ने 'बेरोजगार नेताजी नाम से एक यूट्यूब श्रृंखला शुरू की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप)के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने अपनी अप्रत्याशित चुनावी हार और राजनीतिक बेरोजगारी की चुनौतियों का बेबाक ब्योरा देने के लिए बेरोजगार नेताजी नाम से एक यूट्यूब शृंखला शुरू की है। 'आप' के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को शुरू की गई यह शृंखला अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे एक पूर्णकालिक नेता के भावनात्मक और पेशेवर संघर्ष की झलक प्रदान करती है। पहले एपिसोड में भारद्वाज ने पांच फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी हार को याद किया। चुनाव के नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए गए थे। उन्होंने ग्रेटर कैलाश निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, जहां वह भाजपा की शिखा रॉय से हार गए थे। भारद्वाज ने कहा, आठ फरवरी तक हार का विचार मेरे दिमाग में कभी नहीं आया था। हमारी सारी तैयारियों, मीडिया से बातचीत और सार्वजनिक कार्यक्रमों ने हमें निर्णायक जीत का भरोसा दिलाया था।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर भाजपा ने माना कि वह शासन में अक्षम : राहुल

मणिपुर, (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते।

### त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाना अलौकिक क्षण : सिंधिया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यहां त्रिवेणी संगम में परिवार के साथ डुबकी लगाई। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युग–युगांतर से पीढ़ियों को ऐसे क्षण का इंतजार रहता है, यह अनोखा समय है जब दुनिया भर से लोग स्वतः आकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को धन्यवाद देता हूं।' सिंधिया ने कहा, "प्रयागराज से सिंधिया परिवार का ऐतिहासिक संबंध रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2019 के पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। वर्ष 2019 में आज के ही दिन आतंकियों ने पुलवामा में बड़े हमले को अंजाम दिया था, जिसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के पर आत्मघाती हमला किया था। इस हमले के महज 12 दिनों के बाद भारत ने पाकिस्तान से बदला लिया और 26 फरवरी को बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया।

## संगठन की मजबूती के लिए सभी को करना चाहिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास – कर्नल धनीराम शांडिल

शिमला, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार चौधरी ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर सवाल खड़ा किया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने गुरुवार को कहा कि सब यही चाहते हैं कि संगठन मजबूत हो और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। चंद्र कुमार चौधरी ने कहा था कि प्रदेश में कांग्रेस का संगठन लकवाग्रस्त हो गया है। उनके इस बयान पर कर्नल शांडिल ने कहा कि जब भी किसी संगठन में कोई कमी हो, तो उसे सावधानीपूर्वक दूर किया जाना चाहिए। चाहे संगठन छोटा हो या बड़ा, उसकी मजबूती बहुत जरूरी है। आम सभा से लेकर छोटी ग्राम पंचायत तक, श्एकता में ही शक्ति हैश का सिद्धांत लागू होता है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संगठन को हमेशा मजबूत किया जाना चाहिए, और हम सभी को इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए। एक मजबूत संगठन लोगों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकता है। कलियुग के समय में संगठन शक्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे में संगठन मजबूत होगा तो लोगों की समस्याओं का समाधान हो सकता है। युवा नेताओं के लिए ट्रेनिंग कैंप की जरूरत है। हम आलाकमान से भी इसको लेकर बातचीत करेंगे। सिंथेटिक ड्रग्स की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हर संस्थान को ड्रग्स को लेकर ध्यान देना चाहिए और लोगों को जागरूक करना चाहिए। इसका संज्ञान लिया जाना चाहिए और इसमें काम करने की जरूरत है।

## उच्चतम न्यायालय ने मेघालय विश्व विद्यालय को बंद करने का आदेश दिया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में चंद्र मोहन झा (सीएमजे) विश्वविद्यालय को बंद करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया और कुप्रबंधन एवं कई अन्य कमियों के कारण संस्थान को बंद करने के राज्य सरकार के 2014 के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने माना कि कुलपति की नियुक्ति के लिए सीएमजे विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 14(1) के तहत निर्धारित प्रक्रिया का उचित पालन नहीं किया गया। इसने कहा कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ का सीएमजे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की नियुक्ति को अवैध करार देने का निर्णय सही है। शीर्ष अदालत ने कहा, "हम मानते हैं कि (विश्वविद्यालय) बंद करने का 31 मार्च 2014 काआदेश अधिनियम की



धारा 48 के तहत उल्लिखित प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का सख्ती पालन करते हुए और इस अदालत द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में पारित किया गया है. .. हम 31 मार्च 2014 के आदेश के तहत सीएमजे विश्वविद्यालय को बंद करने के राज्य सरकार के फैसले की पुष्टि करते हैं।" अदालत ने राज्य सरकार को अपने निर्णय के बाद उचित कदम उठाने की अनुमति दी। पीठ ने कहा है कि मेघालय सरकार ने सीएमजे विश्वविद्यालय को अपनी गड़बड़ियों को सुधारने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए थे। साल 2009 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने 2012 और 2013 के बीच रिकॉर्ड संख्या में 434 पीएचडी डिग्रियां प्रदान कीं। इसके अलावा यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) मानदंडों का उल्लंघन करते हुए 490 से अधिक पीएचडी विद्यार्थियों को पंजीकृत किया।


## अमित शाह ने पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवादियों के समूल नाश के लिए कृतसंकल्पित है तथा सरकार ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' मैं 2019 में आज के दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'' गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरा विश्व इसके खिलाफ एकजुट है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस को निशाना बनाते हुए हमला किया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके कुछ दिनों बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के अंदर में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर बमबारी की थी।



## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पेश नहीं हुए संजय सिंह, अगली सुनवाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह आचार संहिता उल्लंघन के मामले में यहां सांसद–विधायक अदालत में पेश नहीं हुए, जिसके बाद मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी के लिए निर्धारित कर दी गयी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि यह मामला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2021 को हसनपुर में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि संजय सिंह सहित 13 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने 'आप' की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम के पक्ष में चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए जनसभा की थी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में सभी आरोपी पहले ही जमानत पर हैं और अब मामले में आरोप तय किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की सुनवाई में सांसद संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने राज्यसभा की कार्रवाई में व्यस्त होने का हवाला देते हुए अनुपस्थिति की जानकारी दी, जिसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी के लिए निर्धारित कर दी।



## अब मणिपुर जाने और लोगों से माफी मांगने का साहस करेंगे प्रधानमंत्री - खरगे

मणिपुर, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शासन इसलिए नहीं लगाया क्योंकि वह ऐसा चाहते थे, बल्कि इसलिए लगाया क्योंकि राज्य में संवैधानिक संकट है तथा आपका कोई भी विधायक आपकी अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया क्योंकि कोई भी विधायक भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब मणिपुर का दौरा करने और वहां के लोगों से माफी मांगने का साहस दिखा पाएंगे? मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी पार्टी ही 11 साल से केंद्र में शासन कर रही है। यह आपकी पार्टी है जो आठ साल तक मणिपुर पर भी शासन कर रही थी। यह भाजपा ही है जो राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार थी। उन्होंने कहा, यह आपकी सरकार है जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर गश्ती की जिम्मेदारी है। आपके द्वारा राष्ट्रपति शासन लगाना, अपनी ही पार्टी की सरकार को निलंबित करना इस बात की सीधी स्वीकारोक्ति है कि आपने मणिपुर के लोगों को निराश किया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शासन इसलिए नहीं लगाया क्योंकि वह ऐसा चाहते थे, बल्कि इसलिए लगाया क्योंकि राज्य में संवैधानिक संकट है तथा आपका कोई भी विधायक आपकी अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, आपके 'डबल इंजन' ने मणिपुर की निर्दोष जनता की जिंदगियों को रौंद दिया।अब समय आ गया है कि आप मणिपुर में कदम रखें और पीड़ित लोगों के दर्द और पीड़ा को सुनें और उनसे माफी मांगें। खरगे ने सवाल किया, ''क्या आपमें यह साहस है?'' उन्होंने दावा किया, मणिपुर की जनता आपको और आपकी पार्टी को माफ नहीं करेगी।



## भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर मोदी कौन सा नया धमाका करने जा रहे हैं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के नतीजों और फिर नए सरकार के गठन के बाद विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव भी संपन्न हो गए हैं। अब बीजेपी नए अध्यक्ष की ताजपोशी की तैयारी कर रही है। बीजेपी के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा बीते चार सालों से अधिक समय से पार्टी के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। पिछले साल ही उनका कार्यकाल खत्म हो चुका था। लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। अब हाल फिलहाल में किसी राज्य में विधानसभा चुनाव भी नहीं होने हैं। ऐसे में पार्टी का अगला अध्यक्ष कौन होगा इस पर मंथन जारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत मार्च के पहले हफ्ते तक शुरू हो जाएगी। होली (14 मार्च) से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। फरवरी के आखिरी तक 18 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी कराया जा सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव हो जाएं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल देने की जगह पार्टी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेगी। हालांकि, भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई व्यक्ति लगातार दो टर्म के लिए चुना जा सकता है। इस लिहाज से नड्डा तकनीकी रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की अहर्ता रखते हैं। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बनाने का विचार है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। 20 साल से वहां से कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना है। 2002–2004 के बीच वेंकैया नायडू (आंध्र) आखिरी थे। इस पर आरएसएस व आनुषंगिक संगठनों से भी चर्चा हो चुकी है। मौजूदा राष्ट्रपति पूर्वी भारत से आती हैं। उप राष्ट्रपति पश्चिम भारत से। प्रधानमंत्री उत्तर भारत (वाराणसी के सांसद) से चुने गए हैं। ऐसे में दक्षिण भारत के किसी नेता को जिम्मेदारी मिलने की संभावना अधिक है। फिलहाल बीजेपी के दक्षिण के दिग्गज नेताओं में प्रहलाद जोशी, एल मुरुगन, जी किशन रेड्डी, के अन्नामलाई, के ईश्वरप्पा, निर्मला सीतारमण शामिल हैं। यदि संगठन द्वारा निर्मला सीतारमण को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना जाता है तो, ये इस बार का पेश किया गया उनका अंतिम वित्त बजट भी हो सकता। उल्लेखनीय है इस बार के बजट में आयकर सीमा में बड़ी छूट दी गई। जिसका फायदा बीजेपी को दिल्ली के चुनाव में भी देखने को मिला। केंद्र सरकार जनगणना कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करने वाली है। ये 2026 तक चलेगी। साल 2026 में गठित होने वाले डिलिमिटेशन कमिशन के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों का नए सिरे से सीमांकन होगा। आबादी के नए आंकड़ों के हिसाब से इन निर्वाचन क्षेत्रों का नए सिरे से सीमांकन होगा। संसद की सीटों की संख्या भी बढ़ेगी। इन बढ़ी सीटों के हिसाब से महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार का सख्त कदम, अधिकारियों को दिए गए कड़े आदेश

चंडीगढ़, (एजेंसी)। भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार एक्शन मोड में है। सभी जिलों के डीएम, एसडीएम, एसएसपी और एसएचओ को सख्त आदेश दिए गए हैं कि वे अपने–अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर कड़ी नजर रखें और इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए यह राज्य सरकार की ओर से उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंजाब सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से यह चेतावनी दी है कि अगर वे अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का मूल्यांकन जनता और स्थानीय विधायकों से लिया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्षेत्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार को खत्म करने के प्रयास सही दिशा में हो रहे हैं और अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। पंजाब सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम भ्रष्टाचार पर काबू पाने और सरकार के कामकाजी माहौल को पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कदम का उद्देश्य भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना और पंजाब को एक स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन देना है। इससे पहले भी पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए पंजाब सरकार ने वाट्सएप नंबर 9501200200 जारी किया था, ताकि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लोग शिकायत कर सकें। सरकारी आंकड़े दावा करते हैं कि इसके बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। इस नंबर के जारी होने के बाद सरकार को भ्रष्टाचार के कई मामले मिले और जांच के बाद गिरफ्तारियां भी हुईं। जानकारी के अनुसार, विजिलेंस ने भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्रियों से लेकर आईएएस अधिकारियों तक पर शिकंजा कसा है।

# संपादकीय

## खैरात के खिलाफ

देश में विभिन्न चुनावों से पूर्व लगातार मुफ्त की योजनाओं के ऐलान पर कठोर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीति–नियंताओं से सवाल किया है कि कहीं हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? अदालत की चिंता की हकीकत पर मोहर लगाते हुए बुधवार को सी.आई. आईध् साऊथ ग्लोबल लिंकेज समिट में लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि सरकारी मुफ्त स्कीमों के कारण निर्माण उद्योग में मजदूरों की कमी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेल्फेयर स्कीमों से आराम की उपलब्धता के कारण निर्माण से जुड़े श्रमिक काम करने से कतरा रहे हैं। यह भी कि दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं, लेकिन भारत में लोग काम के लिये दूसरे शहरों में जाने के लिये तैयार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की चिंता इसलिए भी वाजिब है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, विभिन्न वर्गों को नगदी हस्तांतरण, बिजली–पानी की मुफ्त योजनाओं के कारण कई राज्यों की सरकारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी विकासशील देश के लिये यह उत्साहजनक स्थिति नहीं है। यह भी हकीकत है कि जब किसी व्यक्ति को सुविधाएं आसानी से और मुफ्त मिलने लगें तो वह आलसी हो जाता है। साथ ही विकास की मुख्यधारा से भी कट जाता है। दरअसल, कल्याणकारी योजनाओं का मकसद नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना होता है। लेकिन यदि लोग काहिली की राह चुनने लगें तो यह देश हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। एक आदर्श स्थिति तो यह होनी चाहिए कि सरकार अपने नागरिकों के लिये ऐसा कार्यशील वातावरण बनाये, जिससे देश के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो। लेकिन दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में वोट पाने का शॉर्टकट मुफ्त की रेवड़ियां बांटना हो गया है। वहीं गरीबी उन्मूलन एक सुविधाजनक राजनीतिक हथियार बना है। जिसके चलते चुनाव से पहले मुफ्त की घोषणाएं राजनीतिक फैशन बन गया है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की वह टिप्पणी तार्किक है कि वोट के लालच में राजनीतिक दल परजीवियों का एक वर्ग तैयार कर रहे हैं। काम के बदले अनाज व अन्य सुविधाएं देना तो तार्किक है, लेकिन मुफ्त का राशन व नकदी देना उचित नहीं है। कोरोना संकट में रोजगार के साधन सिमटने की वजह से मुफ्त अनाज समय की जरूरत थी, लेकिन इस योजना को लगातार नहीं चलाया जाना चाहिए। आखिरकार मुफ्त योजनाओं का बोझ आयकरदाताओं पर ही पड़ता है। जरूरतमंद लोगों में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें राष्ट्र के लिये योगदान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। देश की अदालत बार–बार राजनेताओं से ऐसी घोषणाओं से परहेज करने को कहती रही है, लेकिन राजनीतिक दलों पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। देश में मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाना बेरोजगारों के हित में एक सकारात्मक कदम था। लेकिन मुफ्त में राशन व नगदी देना लोगों को अकर्मण्य बनाने जैसा ही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि मनरेगा में लगातार कम होता पंजीकरण मुफ्त की योजनाओं का ही नकारात्मक प्रभाव हो। सरकारों को चाहिए कि रोजगार के नये–नये अवसर सृजित करें। मुफ्त देने के बजाय लोगों को स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनाये। देश की तरक्की और विकास की दृष्टि से मुफ्त की योजनाएं घातक ही कही जा सकती हैं।

# बजट वृद्धि से स्वास्थ्य सेवाओं को संबल

राकेश कोछड़

31 जनवरी को संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण के मद्देनजर केंद्रीय बजट 2024–25 में भारत के स्वास्थ्य व्यय में 2020–21 में 3.2 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 2025 में 6.1 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। वर्ष 2022 में भारत का स्वास्थ्य व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.8 प्रतिशत रहा। 2015 और 2022 के बीच, रोगी की जेब से होने वाला खर्च 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत हो गया, जिसमें



पीएम–जेएवाई ने निर्णायक भूमिका निभाई। सभी नागरिकों को एक समान स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करने की गर्ज से पिछले साल पीएम–जेएवाई योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को शामिल किया गया। सरकार ने अब इस योजना के तहत अनुबंध पर रखे कामगारों को भी शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम अनौपचारिक क्षेत्र के अनुमानित एक करोड़ श्रमिकों के लिए वित्तीय और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, जिन्हें पहले कोई भी बीमा सुरक्षा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इसके लिए सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियोक्ता अनुबंधित कारगारों का डाटा साझा करने में पारदर्शी हों। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्रस्तावित आवंटन पिछले वर्ष की तुलना में 9.7 प्रतिशत बढ़कर 99,858.56 करोड़ रुपये हो गया है, इसमें आयुष्मान भारत बुनियादी मिशन को 26 प्रतिशत की वृद्धि मिली है जबकि पीएम–जेएवाई के बढ़ते दायरे को ध्यान में रखते हुए 28.85 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इंटरनेट सुविधा के प्रावधान का लाभ डिजिटल स्वास्थ्य और टेलीमेडिसिन सेवाओं को विस्तार देने में उठाया जा सकता है। हालांकि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को केवल 3.77 प्रतिशत की वृद्धि मिली है। इसके बावजूद सेहत को मजबूत करने और बीमारी की रोकथाम पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने आने वाले वर्ष में मेडिकल कॉलेजों में 10,000 अतिरिक्त सीटें और अगले पांच वर्षों में 75,000 सीटें बढ़ाने की घोषणा की है। पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटें दोगुनी से अधिक बढ़कर क्रमशः 1,18,137 और 73,157 हो गई हैं। हालांकि, अभी भी चिकित्सा शिक्षकों की कमी है और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग शिक्षकों की संख्या और अनुभव के मानदंडों को घटाने में लगा है। स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों के बीच भारी असमानता बनी हुई है। निरूसंदेह, विभिन्न विशेषज्ञताओं में सीटों की संख्या के लिए एक गतिशील नीति होनी चाहिए। उदाहरणार्थ, भारत को आने वाले वर्षों में कार्डियक सर्जनों की कम और ऑनकोलॉजिस्ट, इंटेंसिविस्ट और ट्रॉमा विशेषज्ञों की अधिक आवश्यकता पड़ेगी। देश को अधिक कुशलता वाली नर्सें, तकनीशियन जैसी अन्य सहायक जनशक्ति की भी आवश्यकता पड़ेगी। सरकार ने कैंसर मरीजों की मदद के वास्ते बड़ी पहल करने की योजना बनाई है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट–2020 के अनुसार, नौ में से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। सरकार अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे–केयर कैंसर केंद्र स्थापित करना चाहती है, जिसमें 2025–26 में 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ऐसे केंद्रों का उपयोग आमतौर पर कीमोथैरेपी के लिए किया जाता है। यह सुविधा कैंसर उपचार तक रोगी की पहुंच आसान करने में सहायक होगी, जो फिलहाल केवल बड़े अस्पतालों या मेडिकल कॉलेज जैसे उच्च केंद्रों पर उपलब्ध है। इस पहल के लिए पीपीपी मोड का उपयोग करने का प्रस्ताव है। हालांकि, प्रशिक्षित जनशक्ति, उन्नत इमेजिंग और कैंसर डायग्नोस्टिक्स जैसे बुनियादी ढांचे की कमी है। बजट में कई दवाओं की कीमतों में कटौती का प्रस्ताव किया गया है, जिसका सीधा फायदा नागरिक की जेब को होगा। कैंसर, अप्रचलित बीमारियों और अन्य पुराने रोग से पीड़ित मरीजों को राहत देने के लिए 36 जीवन रक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। छह अतिरिक्त जीवन रक्षक दवाओं पर अब 5 प्रतिशत का रियायती सीमा शुल्क लगेगा। स्थानीय कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त श्रेणियों की दवाओं के थोक निर्माताओं को भी रियायत दी जाएगी। प्रस्तावित एक अन्य प्रमुख क्षेत्र चिकित्सा पर्यटन है। देश में विशेषज्ञ चिकित्सा पेशेवरों और बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के साथ, भारत के कई निजी अस्पतालों में पहले से ही दक्षिण–पूर्व एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया से रोगी इलाज के वास्ते आ रहे हैं। अनुमान है कि दुनिया में हर साल तकरीबन 1.4 करोड़ लोग बेहतर चिकित्सा उपचार के लिए दूसरे देशों को जाते हैं। भारत में 35 से अधिक वैश्विक मामलों वाले अस्पताल जेसीआई (संयुक्त आयोग अंतर्राष्ट्रीय) द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। सरकार ने 2022 में निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक चिकित्सा पर्यटन पहल, 'हील इन इंडिया' का प्रस्ताव रखा था। लेकिन यह योजना विशेष आगे बढ़ नहीं पाई। बजट प्रस्तावों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्य इकाइयों के लिए प्रस्तावित आवंटन से दवा उत्पादन के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार ने दवा उत्पादन से जुड़े उद्योगों के प्रोत्साहन मद के वास्ते 2,445 करोड़ रुपये रखे हैं। क्षेत्र–विशेष में निजी संस्थानों द्वारा संचालित अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए 20,000 करोड़ रुपये की पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है। जैसा कि कोविड–19 महामारी के दौरान देखा गया था, दवा की खोज और उत्पादन के साथ–साथ चिकित्सा उपकरणों के निर्माण को भी स्वदेशी बनाने की आवश्यकता है। भारत को सटीक चिकित्सा, जीन थेरैपी और नूतन जैव विज्ञान पर जोर देते हुए चिकित्सा नवाचार को अगले स्तर पर जाने की जरूरत है। अन्य उल्लेखनीय प्रस्तावों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए धन आवंटन और बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण प्रदान करने पर जोर देना शामिल है। चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवंटन में 18.14 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को मंजूरी देना एक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि, निवारक स्वास्थ्य जांच के लिए कर छूट में बढ़ोतरी, बीमा पैकेज मेंआउट पेशेंट डायग्नोस्टिक्स को शामिल करना और स्वास्थ्य सेवा में जीएसटी को तर्कसंगत बनाना वे उपाय हैं, जिनकी जरूरत है। बजट प्रस्तावों में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका की परिकल्पना की गई है।


# भारतीय संस्कारों की तुलसी को अमेरिकी सुरक्षा का जिम्मा

अरुण नैथानी

बारह फरवरी को भारतीय सरोकारों व हिंदू संस्कारों का मुखर समर्थन करने वाली पूर्व अमेरिकी सांसद तुलसी गबार्ड अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर बन गई। इस नियुक्ति के बाद तुलसी अमेरिका की महत्वपूर्ण व ताकतवर 18 खुफिया एजेंसियों का नेतृत्व करेंगी। बुधवार को अमेरिकी सीनेट ने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नामित तुलसी की नियुक्ति पर 52–48 के अंतर से मोहर लगा दी। निदेशक के रूप में तुलसी सीआईए,एफबीआई, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी समेत 18 खुफिया एजेंसियों का नेतृत्व और 70 बिलियन डॉलर के बजट का प्रबंधन करेंगी। सेना में कर्नल के रूप में इराक व कुवैत में चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने का तुलसी का अनुभव इस पद पर काम आएगा। तेरह फरवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका पहुंचे तो तुलसी गबार्ड से उनकी मुलाकात की खबरें देश–विदेश के मीडिया में छायी रही। तुलसी नरेंद्र मोदी की प्रशंसक प्रधानमंत्री बनने से पहले भी रही हैं। उन्होंने राजग सरकार के जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने आदि कदमों का स्वागत किया था। यहां तक कि भारत प्रवास के दौरान एक स्कूल में सफाई अभियान में भाग लेकर उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन का समर्थन किया था। उल्लेखनीय है कि पहले डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद बनने वाली तुलसी ने 2022 में पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी ज्वाइन कर ली थी। कालांतर वे ट्रंप के समर्थन में खुलकर आ गई थी। पद संभालने के बाद उन्होंने अमेरिकी नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी व सुरक्षा के लिये कार्य करने की बात कही है। दरअसल, वर्ष 1981 में अमेरिका के समाओ द्वीप में माइक गबार्ड व कैरोल गबार्ड के घर जन्मी तुलसी उनकी पांच संतानों में शामिल थी। फिर वर्ष 1983 में उनका परिवार अमेरिका के हवाई राज्य में आकर बस गया। कालांतर तुलसी की मां कैरोल ने हिंदू धर्म अपना लिया। तुलसी की परवरिश मिले–जुले धार्मिक परिवेश में हुई क्योंकि जहां पिता कैथोलिक धर्म के अनुयायी थे, वहीं माता हिंदू धर्म को मानने वाली। लेकिन उनके पिता ने हिंदू पूजा पद्धति का विरोध नहीं किया। तुलसी ने किशोर अवस्था में हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि हिंदू मान्यताओं से गहरी जुड़ी तुलसी पूर्णतरू शाकाहारी हैं। वह चौतन्य महाप्रभु के आध्यात्मिक आंदोलन गौडिघ्या वैष्णव संप्रदाय का अनुकरण करती हैं। यहां तक कि उनके भाई–बहन भी हिंदू हैं। जिनके नाम भक्ति,जय, नारायण और वृंदावन हैं। उनका मानना है कि भगवद्गीता उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन करती है। वह कर्मयोग में गहरी आस्था रखती है। दरअसल, अमेरिकी सेना की पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल गबार्ड वर्ष 2013 में वह उस समय सुर्खियों में आई थीं, जब अमेरिकी कांग्रेस में चुने जाने के बाद उन्होंने भगवद् गीता के साथ शपथ ली थी। तुलसी गबार्ड के पिता माइक गबार्ड भी हवाई द्वीप समूह की राजनीति में अपनी खास पहचान रखते हैं। तुलसी ने प्रारंभिक शिक्षाध्अपने घर पर ही ली। कालांतर वर्ष 2009 में हवाई पैसिफिक यूनिवर्सिटी से बिजनेस प्रबंधन में स्नातक की डिग्री हासिल की। उन्होंने 16 साल तक सेना में सेवाएं दी। वर्ष 2006 में अशांत इराक में तैनात रहीं। तुलसी 2013 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिये डेमोक्रेट सांसद के रूप में चुनी गई। वे ध्अपने इलाके में रिकॉर्ड मतों से जीतती रही हैं। तुलसी भारत के साथ मजबूत अमेरिकी संबंधों की पक्षधर रही हैं। दो दशकों से अधिक समय के लिये आर्मी नेशनल गार्ड से जुड़ी रही तुलसी ने कालांतर वर्ष 2020 में राष्ट्रपति पद के लिये डेमोक्रेट उम्मीदवार के लिये अपनी दावेदारी पेश की थी। गबार्ड अमेरिकी संसद की पहली हिंदू सदस्य थीं। उन्होंने सरकार की स्वास्थ्य सेवा, मुफ्त कॉलेज ट्यूशन और बंदूकों पर नियंत्रण जैसे मुद्दों का समर्थन किया था।

## ...... स्वास्थ्य .....

# विटामिन बी 12 बढ़ने के लिए सुबह खाएं ये फल, रहें फिट और हेल्दी



आजकल हम में से कई लोग विटामिन ठ12 की कमी से परेशान होते हैं, और इसका असर हमारे शरीर पर दिखाई देने लगता है। थकान, कमजोरी, मांसपेशियों का दर्द और याददाश्त की समस्याएं जैसे लक्षण इसका इशारा करते हैं। हालांकि, विटामिन ठ12 मुख्य रूप से मांस, मछली, अंडे और दूध जैसे पशु उत्पादों से मिलता है, लेकिन कुछ ऐसे फल भी हैं जो इसे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। तो चलिए, जानते हैं कि विटामिन ठ12 को बढ़ाने के लिए सुबह के वक्त कौन से फल खाए जाएं, ताकि आप पूरे दिन भर ताजगी और ऊर्जा महसूस करें!

संतरा

संतरा विटामिन C का एक बेहतरीन स्रोत है, और यह आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर विटामिन ठ12 नहीं होता, लेकिन विटामिन C और अन्य पोषक तत्व शरीर में विटामिन ठ12 को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करते हैं। सुबह–सुबह संतरे का रस पीने से आपका पाचन तंत्र ठीक रहता है और शरीर को विटामिन ठ12 को अच्छे से अवशोषित करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यह आपकी त्वचा को भी चमकदार बनाता है।

केला

केला भी विटामिन ठ12 के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसमें बायोटिन और अन्य खनिज होते हैं जो शरीर में विटामिन ठ12 की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। इसके अलावा, केला एनेर्जी का एक बेहतरीन स्रोत है और यह आपकी ताजगी बनाए रखने में मदद करता है। केला खाने से आपका पेट भी हल्का रहता है और यह सुबह के समय परफेक्ट स्नैक है।

सेब

सेब में फाइबर, विटामिन C और अन्य एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर की रोग इम्यून पावर को बढ़ाते हैं। हालांकि, सेब में सीधे विटामिन ठ12 नहीं होता, लेकिन इसके सेवन से शरीर को विटामिन ठ12 को अच्छे से अवशोषित करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, सेब में फाइबर होता है जो पाचन में मदद करता है और सुबह के समय इसे खाना बहुत फायदेमंद होता है।

अनार

अनार एक बेहतरीन फल है जिसमें आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर होते हैं। यह शरीर में ब्लड की कमी को पूरा करता है, जो विटामिन ठ12 की कमी के कारण हो सकती है। अनार खाने से शरीर में रक्त का निर्माण तेजी से होता है और यह शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यदि आप सुबह अनार का सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर को ताजगी और ऊर्जा देता है।

पपीता

पपीता विटामिन । और C का बहुत अच्छा स्रोत है। यह शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है और शरीर में विटामिन ठ12 के अवशोषण को बढ़ाता है। पपीता खाने से शरीर की रोग इम्यून पावर भी बढ़ती है, और यह पेट की सेहत के लिए भी बहुत अच्छा होता है। अगर आप सुबह पपीता खाते हैं तो यह आपको दिनभर की ताजगी और ऊर्जा प्रदान करेगा।

अगर आपको विटामिन ठ12 की कमी महसूस हो, तो डॉक्टर से सलाह लेकर विटामिन ठ12 के सप्लीमेंट्स का सेवन करें।अपनी डाइट में इन फलों को शामिल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान रह सकते हैं। डिस्क्लेमररू यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# सर्दियों में खो गई चेहरे की चमक? हरी सब्जियों से पाएं स्किन पर निखार

आजकल तापमान में गिरावट के साथ ही हवा में ठंडक बढ़ रही है जिसकी वजह से त्वचा शुष्क, बेजान तथा निर्जीव सी दिखने लगती है। ठण्डक आपकी प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही आपकी त्वचा तथा बालों पर भी असर करती है। ऐसे में या तो आप लोशन क्रीम, मॉइस्चराइजर बार–बार लगाते रहें और या आप प्रकृतिक तरीकों से अपने शरीर की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करें जिससे आप प्रकृतिक तौर पर सुन्दर दिखेंगी तथा मौसम का मिजाज आपकी त्वचा, बालों को प्रभावित नहीं कर सकेगा।

सर्दियों के मौसम में नेचर हमें पालक, सरसों का साग, मेथी, बथूआ, हरे पत्तों का सलाद सहित ऐसी हरी पते दार सब्जियां प्रदान करती है जिसके सेवन से हमारी त्वचा मौसम की मार को आसानी से झेल सकती है। इन हरी सब्जियों में एंटी आक्सीडेंट विटामिन, मिनरल तथा अन्य पौष्टिक तत्व विद्यमान होते हैं जोकि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ सुन्दरता को भी निखारते हैं।

गाजर

सर्दियों में बाजार में लाल रंग की गाजर मार्केट में मिलती है जबकि



बाकी सीजन में नारंगी रंग की गाजर देखने को मिलती है। गाजर विटामिन–सी से भरपूर होती है जिससे शरीर में कॉलाजन की उत्पत्ति होती है जो कि त्वचा को कोमल , मुलायम तथा लचीला बनाती है। गाजर में विद्यमान विटामिन ए से चेहरे पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। गाजर को फेस मास्क के रुप में प्रयोग किया जा सकता है। गाजर को पानी में उबाल कर ठण्डा होने दें तथा ठण्डा होने पर इसे मसल कर बनी लुगदी को चेहरे पर लगाकर थोड़ी देर बाद चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की प्रकृतिक आभा में निखार आएगा। इसके नियमित प्रयोग से कील–मुहांसों तथा काले धब्बों से निजात मिलेगी।

खीरा

खीरे में सौंदर्य मिनरल ''सीलिका'' विद्यमान होता है जिसकी वजह से त्वचा की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा कोमल व मुलायम हो जाती है। खीरा प्राकृतिक टोनर होता है। तैलीय त्वचा के लिए आप खीरे के रस को सीधे त्वचा पर लगाकर 15 मिनट बाद साफ पानी से धो डालें। खीरे के रस तथा गुलाब जल को मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद पानी से धो डाले। खीरे के गाढ़े गूद्दे में दो चम्मच गुलाब जल डालकर बलेंड कर लें तथा इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 30 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। खीरा अस्ट्रिन्जन्ट होता है तथा टोनिंग और रिफ्रेशिंग के अलावा यह त्वचा के छिद्रों को बंद करता है तथा तैलीयपन को कम करता है खीरे को कद्दूकस करके या खीरे के रस को आंखों के इर्दगिर्द त्वचा पर लगाने से डार्क सर्कल कम होते हैं तथा त्वचा की रंगत में निखार आता है।खीरा खाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती हैं। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट के कारण त्वचा पर झुर्रियां और स्किन रेडनेस की समस्या



से भी राहत मिल सकता है।

पालक

पालक– सेहत का खजाना माना जाता है। इसका जादुई असर खाने और लगाने दोनों से मिलता है। पालक में फाइबर प्रोटीन विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन.के विद्यमान होता है और इसके अतिरिक्त इसमें आयरन फोलेट और पोटेशियम पाया जाता है। पालक का फेस मास्क चेहरे की खूबसूरती निखारने में अहम भूमिका अदा करता है। दही और पालक का फेस पैक बनाने के लिए आप पांच पत्तों के हिसाब से तीन चम्मच दही ले सकते हैं। इन दोनों चीजों को एक साथ मिक्सर में ग्राइंड कर लें। पालक का पेस्ट बनाकर भी दही में मिक्स कर सकते हैं। इस पेस्ट को कम से कम 10 मिनट तक अपने चेहरे पर लगा कर रखें। चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं। इस पेस्ट से चेहरे का पिगमेंटेशन धीरे.धीरे कम होने लगेगा और आपकी त्वचा में ताजगी और रंगत में निखार आएगा। पालक का फेस मास्क बनाने के लिएरू

पालक की 10—.15 पत्तियां ले, 1.2 बड़े चम्मच बेसन, 2.3 बड़े चम्मच दूध, 1 चम्मच शहद लें, पहले पालक की पत्तियों को अच्छी तरह से धो लें ताकि मिट्टी ,गंदगी साफ हो सके। अब पालक की पत्तियों को मिक्सर में पीसकर फाइन पेस्ट तैयार कर लें। कांच के कटोरे में पालक का पेस्ट डालें और उसमें दूध, शहद और बेसन मिलाकर पेस्ट तैयार करें। फेस मास्क के अलावा पालक का जूस भी सुंदरता निखारने में अहम भूमिका अदा करता है।

पत्ता गोभी

सर्दियों में पायी जाने वाली सब्जियों में पत्ता गोभी में फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। पत्ता गोभी में विद्यमान पौष्टिक तत्वों के सेवन से वजन कम करने तथा कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिलती है। जिससे आप जवाँ–जवाँ दिखेंगी। पत्ता गोभी में विद्यमान विटामिन त्वचा को पौष्टिकता प्रदान करते हैं। पत्ता गोभी में विद्यमान मिनरल तथा सल्फर तत्वों की वजह से यह त्वचा को कोमल, लचीला तथा आकर्षक बनाती है। पत्ता गोभी को पानी में उबालकर पानी को ठंडा होने दें तथा इस पानी से त्वचा को साफ करें। पत्ता गोभी के जूस को पक्के केले की लुगदी तथा शहद में मिलाकर बने हेयर मास्क को बालों पर लगाकर 20 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो डालें।

सलाद

सर्दियों में सलाद आपको प्रचुर मात्रा में खाना चाहिए। सलाद में विद्यमान पोटेशियम तत्व आपकी त्वचा को ऑक्सीजन और पोषण प्रदान करते हैं जिससे रक्त संचार नियमित होता है और आप सुन्दर दिखने लगती है। सलाद में विटामिन ए,सी,के तथा जिंक की वजह से यह बालों की वृद्धि में सहायक होता है तथा बालों का असमय सफेद होने से रोकता है। सलाद को कच्चा खाना बेहतर होता है क्योंकि पकाने से इसके पौष्टिक तत्व नष्ट हो सकते हैं।

# सफलता का असली मापदंड केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना है - अम्बरीष




हरदोई (अम्बरीष सक्सेना)

आज एम0 पी0 एस0 जूनियर हाई स्कूल, महुआटोला में आयोजित बोर्ड परीक्षार्थियों के विदाई समारोह में विद्यार्थियों नें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के ब्रांड एम्बेसडर अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि विदाई का यह क्षण केवल भावनाओं से भरा नहीं है, बल्कि यह उस मेहनत, समर्पण और अनुशासन का उत्सव भी है जो आप सभी ने अपने शिक्षकों और माता–पिता के मार्गदर्शन में सीखा है। आपकी यह यात्रा केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रक्रिया भी है। जीवन में आगे बढ़ते समय चुनौतियाँ भी आएँगी और अवसर भी। सफलता का असली मापदंड केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना है। जीवन में अपने मानवीय मूल्यों, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को बनाए रखना ही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।मैं आप सभी को यही संदेश देना चाहूँगा कि स्वयं पर विश्वास रखें, कभी भी सीखना न छोड़ें और अपने माता–पिता एवं शिक्षकों का हमेशा सम्मान करें। आप जहाँ भी जाएँ, वहाँ अपने विद्यालय और देश का नाम रोशन करें।आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ। हमें पूरा विश्वास है कि आप जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। यह विद्यालय हमेशा आपके प्रयासों पर गर्व करेगा। प्रबंधक आसिफ खान नें विद्यार्थियों को मेहनत का महत्व बताते हुए कहा कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।मेहनत करने बाला हर इंसान कामयाब होता हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग बाजपेयी एवं अन्य सभी अध्यापक पूरी मेहनत व लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी पिछले 15 वर्षो से निभा रहे हैं। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे आमंत्रित अनुराग श्रीवास्तव संयोजक मित्र परिवार नें अपने विचार रखते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारा सर्वश्रेष्ठ जीवन होता हैं जिसमे हम अपने जीवन को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए तैयार करते हैं। योगेंद्र यादव नें बताया कि कैसे निरंतर प्रयास से हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है। विधि छात्र सत्यम सक्सेना नें विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को ध्यान मे रखकर निरंतर संघर्षरत रहने के संकल्प दिलाते हुए अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा रचित षनिर्माणो के पावन युग में हम चरित्र निर्माण न भूलेंष कविता सुनाते हुए ओज से भर दिया और उन्हें शिक्षित होकर राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने कर मूल मंत्र दिया। कार्यक्रम में अनुराग बाजपेयी प्रधानाचार्य, तनवीर खान, राजीव कुमार, मान सिंह, राहुल मिश्रा, सत्यदेव, अदीबा खान, इमराना बी, रामशा, नैंशी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का सफल आयोजन

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । फरवरी 2025 को बीआरसी धर्मापुर के परिसर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत ष्हमारा आंगन हमारे बच्चेष्कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति सचेष्ट किया एवं महिला सशक्तिकरण में शिक्षा के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति 2020 के प्ररिप्रेक्ष्य में प्रत्येक शिक्षक संकुल से आंगनबाड़ी में अध्यनरत बाल वाटिका के 18 बच्चों एवं कक्षा एक एवं कक्षा 2 से 12 बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में आयोजित टी एल एम प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ अभिषेक द्विवेदी ने नई शिक्षा नीति में बाल वाटिका शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव ने समाज में शिक्षकों के योगदान की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एआरपी राजू , महेंद्र कुमार यादव अखिलेश कुमार यादव ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।डायट प्रवक्ता नीरज मणि त्रिपाठी ने शिक्षा के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एआरपी उमेश चंद्र मिश्र ने किया।

# रामलला दर्शन के लिए फर्जी वीआईपी पास देकर श्रद्धालु से ठगे 4 हजार रूपए

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) संतोष कुमार।अयोध्या में फर्जी वीआईपी पास बनाने का रैकेट चल रहा है। लुधियाना के दंपति को फर्जी पास बनाकर एक हजार रुपए पास का व 3 हजार रुपए गाइड का लिया गया था। 4 हजार रुपए, श्रद्धालु की तहरीर पर कोतवाली नगर मे मुकदमा दर्ज हुआ, जयकेश सिंह, मीनाक्षी व सत्येंद्र तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है जिनकी मुलाकात नाका स्थित एक होटल के बाहर हुई थी।

# अयोध्या में भी आज से शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार।

राम नगरी अयोध्या में भी आज से शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा, जनपद के 13 केंद्रों पर हो रही है सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा, 56 विद्यालयों के लगभग 4500 छात्र छात्राएं शामिल हो रहे हैं 10वी की परीक्षा में, परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकले बच्चों ने कहा,आज अंग्रेजी का पेपर था बहुत ही आसान था, जितनी उम्मीद थी उतना हार्ड नहीं था पेपर, सेल्फ स्टडी और स्कूल की पढ़ाई से ही की थी परीक्षा की तैयारी।

# लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित कर रही डबल इंजन की सरकार - सीएम योगी



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर–कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

रक्षा मंत्री के मार्गदर्शन से लखनऊ और यूपी के विकास को मिली नई गति– सीएम योगी

सीएम योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिफेंस कॉरिडोर के तहत लखनऊ में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण परियोजना को आगे बढ़ाने से लेकर झांसी में बड़े प्रोजेक्ट्स को लाकर यूपी को डिफेंस निर्माण का केंद्र बनाने में रक्षा मंत्री का योगदान अमूल्य है। लखनऊ के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए सीएम योगी ने बताया कि स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर लखनऊ को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। ग्रीन कॉरिडोर, किसान पथ, इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं लखनऊ को विश्व स्तरीय शहर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इसके अलावा, यमुना एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए लखनऊ को ट्रांसपोर्ट हब बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक है महाकुम्भ– सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था।

महाकुम्भ में ऐतिहासिक व्यवस्थाएं और बेहतर कनेक्टिविटी से श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधा– सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में असाधारण भीड़ को संभालने के लिए सड़क मार्ग, रेलवे और वायु मार्ग से बेहतरीन कनेक्टिविटी दी गई है। 40 रेगुलर फ्लाइट्स प्रयागराज को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ रही हैं, वहीं रेलवे द्वारा सैकड़ों मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है। सड़क मार्ग से सबसे अधिक श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं और इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा स्वीकृत विभिन्न सड़क परियोजनाओं ने अहम भूमिका निभाई है। सीएम योगी ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया और सुचारू व्यवस्थाओं के कारण कोई अव्यवस्था नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह डबल इंजन सरकार की प्रशासनिक दक्षता का परिणाम है।

महाकुम्भ से यूपी की अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक फायदा– सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ न केवल आस्था का महापर्व है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अनुमान लगाया कि इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कुंभ पर खर्च को लेकर सवाल उठाते हैं, लेकिन यह निवेश प्रयागराज के संपूर्ण पुनरुद्धार के लिए किया गया है। महाकुम्भ पर कुल 1500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन इसके बदले में उत्तर प्रदेश को 3 लाख करोड़ रुपये का लाभ होने जा रहा है। यह आयोजन पर्यटन और व्यापार को भी बड़ा प्रोत्साहन देगा। प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के समानांतर एक नया ब्रिज और यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 22 जनवरी को प्रयागराज में सामूहिक स्नान कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया कि प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के समानांतर एक नया ब्रिज और यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह महाकुम्भ जैसे आयोजनों को सुगम बनाने के साथ–साथ प्रयागराज की कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा।

# शार्क टैंक इंडिया 4 में बेटर न्यूट्रीशन की दमदार एंट्री



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। पति–पत्नी की जोड़ी, प्रतीक रस्तोगी और ऐश्वर्या भटनागर द्वारा स्थापित यह बायोफोर्टिफाइड फूड कंपनी रोजमर्रा के भोजन में जरूरी पोषक तत्वों को प्राकृतिक रूप से शामिल करके बेहतर पोषण प्रदान करती है। बेटर न्यूट्रीशन की सबसे खास पहल है ष्बेटर सीड्सष्, जिसके तहत 150 किसानों के साथ मिलकर बीजों के संरक्षण और गुणवत्ता पर काम किया जा रहा है। शार्क टैंक इंडिया 4 देखिएसोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी लिव पर! प्रतीक और ऐश्वर्या की उद्यमिता की यात्रा एक दिलचस्प मोड़ से शुरू हुईकृवे शादी.कॉम पर मिले थे! इस अनुभव को याद करते हुए प्रतीक ने कहा, शार्क टैंक इंडिया 4 हमारे लिए एक रोमांचक सफर रहा। इसने न सिर्फ हमारी पिच को निखारने में मदद की, बल्कि हमें अपने पूरे बिजनेस मॉडल को दोबारा समझने और मजबूत बनाने का मौका भी मिला। शार्क्स के गहरे सवालों ने हमें सोचने पर मजबूर किया कि हमारा बिजनेस कितना बड़ा हो सकता है, उसका असर क्या होगा और बेटर न्यूट्रीशन की खासियत क्या है। उनका फीडबैक हमारे लिए बेहद अहम साबित हुआ, जिससे हमें अपने विजन को और स्पष्ट करने और हर घर तक बायोफोर्टिफाइड फूड पहुँचाने की हमारी मुहिम को तेजी देने में मदद मिली। इस अनुभव के बाद हम पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और भारत में पोषण में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फाउंडर्स ने एक प्रतिशत इक्विटी के बदले 60 लाख रुपयेकी मांग की है। उन्हें उम्मीद है कि उनका यूनिक आइडिया और सेलिब्रिटी सपोर्ट उन्हें यह डील दिलाने में मदद करेगा। क्या बेटर न्यूट्रीशन शार्क्स को इम्प्रेस कर पाएगा? जानने के लिए देखिए शार्क टैंक इंडिया!

# परिजनों से नाराज 13 वर्षीय बच्चे ने लगाई फंसी मौत



ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, सिकरारा थाना क्षेत्र के गांव मधइपुर में एक हृदयविदारक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। मजदूरी करने वाले दंपति के 13 वर्षीय इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश सरोज और उनकी पत्नी प्रमिला मुंबई में एक कंपनी में मजदूरी करते हैं। उनके छह बच्चों में से पांच बेटियां और एक बेटा था। एक बेटी की 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी, जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना 15 फरवरी शनिवार को उस समय हुई, जब आदर्श की दादी धनदेइ और दो बहनें घर पर नहीं थीं। आदर्श ने घर के सामने लगे छप्पर में बांस के सहारे नायलॉन की रस्सी से फांसी लगा ली। करीब आधे घंटे बाद जब परिवार के सदस्य घर लौटे, तो उन्होंने आदर्श को फांसी पर लटका देखा। उनकी चीख–पुकार सुनकर आस–पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना से कुछ दिन पहले आदर्श को उसकी बड़ी बहनों ने पढ़ाई को लेकर डांटा था। माना जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। फरवरी के पहले सप्ताह में ही उसके माता–पिता घर आए थे और 12 फरवरी को वापस मुंबई लौट गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

# शासकीय योजनाओं के प्रचार– प्रसार में ग्रामीण पत्रकारों का सराहनीय योगदान – जॉर्ज मैथ्यू



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

बैंगलुरु। केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनहितकारी योजनाओं के प्रचार– प्रसार में ग्रामीण पत्रकारों का विशेष योगदान है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वरोजगार में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भी ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। यह विचार प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के डिप्टी डायरेक्टर जार्ज मैथ्यू ने एक भेंट वार्ता में व्यक्त किए। आपको बताते चलें कि शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में एसोसिएशन के कर्नाटक प्रभारी अतुल कपूर ने प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के बैंगलुरु स्थित कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर जार्ज मैथ्यू से मुलाकात की। भेंट वार्ता के दौरान उनसे कर्नाटक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के गठन पर चर्चा हुई। श्री मैथ्यू ने कर्नाटक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के गठन के लिए हर संभव सहायता करने का व मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (भारत) को कार्यालय में सूचीबद्ध करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी को संदर्भित किया। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि उत्तर प्रदेश में पीआईबी द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सहयोग से कई कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन पीआईबी की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता को सशक्त बनाना और सरकारी योजनाओं की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के लखनऊ मंडल के अंतर्गत हरदोई और सीतापुर जिले में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसमें मीडिया कर्मियों को ग्रामीण विकास की तस्वीर दिखाई गई और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इन कार्यशालाओं में पत्रकारों को सरकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई थी। श्री मैथ्यू ने प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो द्वारा आयोजित ग्रामीण पत्रकारों की कार्यशालाओं में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की कर्नाटक में भी सहभागिता की अपेक्षा करते हुए कहा कि इन कार्यशालाओं के माध्यम से पत्रकारों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाता है, जिससे वे ग्रामीण विकास में सक्रिय योगदान दे सकें।

# गोमतीनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। गोमतीनगर विवेक खण्ड 3 व 4 जनकल्याण समिति तथा मानवाधिकार जनसेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिनांक 16 फरवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक अभिषेक मेमोरियल पार्क, विवेक खण्ड 4, गोमतीनगर में समिति की आम सभा में सदस्यों के लिए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, गोमतीनगर, लखनऊ के द्वारा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है जिसमें निःशुल्क ब्लड प्रेशर, बीएमआई, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, कैल्सियम, यूरिक एसिड (चार जांच में से कोई एक निःशुल्क) की जांच के साथ जनरल फिजीशियन, डाइटीशियन, डेण्टल सर्जन व फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रूप कुमार शर्मा अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद, लखनऊ ने उक्त जानकारी दी।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीबीएससी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाए शनिवार से शुरू हो गई है। जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्रों पर 17,600 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इनमें हाईस्कूल के 9,800 और इंटरमीडिएट के 7,800 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिले की नोडल अधिकारी डॉक्टर चारू शर्मा ने नगर के होली चाइल्ड एकेडमी स्कूल पहुंचकर परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरक्षण किए और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मीडिया से बात करते हुए डॉक्टर चारू शर्मा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षाएं संचालित कराई जा रही हैं। नगर की विभिन्न स्कूलों का हमने निरीक्षण किया है इस दौरान सब कुछ सामान्य है सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं आधुनिक डिवाइस से कमरों की निगरानी की जा रही है ।सभी शिक्षकों क

आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं किसी भी केंद्र पर कहीं भी अनुचित साधन का प्रयोग ना हो इसके लिए अलग से हर केंद्र पर एक नोडल लगाया गया है।

बोर्ड ने परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए व्यापक व्यवस्था की है। परीक्षाएं सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा।

बोर्ड के निर्देशानुसार, सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।



सीबीएसई ने सभी परीक्षा केंद्रों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा से पहले सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उन्हें सुचारु स्थिति में सुनिश्चित करें। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बोर्ड ने परीक्षा 2025 में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

# टुरिस्ट वाहन की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, जफराबाद। थाना अंतर्गत जलालपुर थाना क्षेत्र वाराणसी – लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर इजरी बाजार में शनिवार की शाम को एक टुरिस्ट वाहन की चपेट में आ जाने से एक 65 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। कोडरी गांव निवासी राममूरत सरोज 65 अपने घर से किसी काम के लिए शनिवार की शाम इजरी बाजार आये थे। सड़क पार करते समय वाराणसी से जौनपुर की तरफ आ रही एक टूरिस्ट बस की चपेट में आ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी।सूचना पाते ही मौके पर पहुची डायल 112 की पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी ले गये।

# मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत के दो स्थानों से पुलिस ने चार आरोपियों को मारपीट करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया।इन सभी का चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी चंदन उर्फ चंदू पुत्र बटेश्वर किसी बात को लेकर अपनी पत्नी को मारपीट रहा था। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दिया।पुलिस ने उसे मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया।दूसरी घटना शेखआलमपुर गांव निवासी रिजवान पुत्र नजीर,आलम पुत्र मोहम्मद शरीफ तथा निशाद शेख पुत्र मुख्तार अहमद किसी बात को लेकर मारपीट गाली गलौज कर रहे थे।पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## घर के बाहर खेल रही बालिका को पिकअप ने रौंदा, मौके पर ही मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। श्रावस्ती के डिंगुराजोत के मजरा फत्तूपुर तनाजा में शुक्रवार घर के बाहर खेल रही बालिका को तेज रफ्तार पिकअप ने रौंद दिया। घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भागने में सफल रहा। नवीन मार्डन थाना कटरा के ग्राम डिंगुराजोत के मजरा फत्तूपुर तनाजा निवासी आद्या प्रसाद उर्फ ज्ञानी गौतम की पुत्री अर्चना (7) शुक्रवार को घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच गल्ला लादकर निकली तेज रफ्तार पिकअप ने बालिका को रौंद दिया जिससे बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप सहित चालक मौके से फरार हो गया। ज्ञानी गौतम के अनुसार पिकअप विक्की कसौधन की थी। जो स्वयं पिकअप चला रहा था जिसने शराब पी रखी थी। परिजनों की सूचना पर पीआरवी के साथ पहुंची कटरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

### मानपुर में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, हिरासत में तीन युवक, जांच में जुटी फोरेंसिक

लखनऊ, (संवाददाता)। सीतापुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने तीन युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। सूचना पर आई पुलिस ने युवती को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया कि एक युवती संग तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। यह रात ढाई से तीन बजे की घटना है। युवती के बयान के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में ले

# 52 फीसदी विकास दर होने का अनुमान, 2025-26 में 1.5 लाख करोड़ ज्यादा लोन लेंगे छोटे उद्यमी



लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर देश में सबसे तेज विकास करने वाले क्षेत्रों में से एक होगा। नाबार्ड ने वर्ष 2025–26 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में एमएसएमई सेक्टर में 52 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया है। पिछले वर्ष छोटे उद्यमियों ने 2.91 लाख करोड़ रुपये का लोन लिया था, जो आगामी वित्त वर्ष में बढ़कर 4.45 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। साफ है 1.5 लाख करोड़ रुपये के अधिक लोन इंडस्ट्री की सेहत में मजबूती का संकेत है। प्रदेश में पारंपरिक क्लस्टरों की मौजूदगी लगातार मजबूत हो रही है। इससे एमएसएमई सेक्टर में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। देश में सर्वाधिक एमएसएमई इकाइयां यूपी में हैं। देश में करीब 6.33 करोड़ छोटी इकाइयां हैं, जिसमें यूपी की हिस्सेदारी 14 फीसदी है। नाबार्ड के मुताबिक एमएसएमई सेक्टर ने 1.4 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। पिछले एक वर्ष में ही 18 लाख रोजगार पैदा हुए हैं। खासतौर पर एक जिला एक उत्पाद, युवाओं को कौशल विकास, एमएसएमई नीति ने पूरे सेक्टर में बड़ा बदलाव किया है। छोटी इकाइयों द्वारा निर्यात पर पहली बार फोकस किया गया है। प्रदेश के निर्यात में हस्तशिल्प उत्पाद, प्रसंस्कृत मीट और चर्म उत्पादों के अतिरिक्त सॉफ्टवेयर, बीपीओ, इलेक्ट्रानिक्स और खाद्य प्रसंस्करण ने सबसे तेज ग्रोथ की है। इसी का नतीजा है कि निर्यात ऋण बढ़ रहा है। वर्ष 2025–26 में निर्यात के लिए 5,627 करोड़ रुपये के लोन का अनुमान किया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि होगी। नाबार्ड के मुताबिक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान प्रदेश में स्वरोजगार की नई लकीर खींचेगा। इस अभियान का असर अगले वर्षों में दिखाई देगा और तकनीकी व निर्माण इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उत्तर प्रदेश में ऋण प्रवाह मुख्य रूप से फसल उत्पादन की ओर केंद्रित है, जबकि कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। एमएसएमई मंत्र राकेश सचान का कहना है कि एमएसएमई सेक्टर प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री एमएसएमई सेक्टर की मॉनिटरिंग खुद करते हैं। ईज ऑफ डूइंग और बैंकों द्वारा लोन की स्वीकृति की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार का कहना है कि कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में अपार संभावना है। इन दोनों सेक्टरों को ऋण देने पर अधिक ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य सरकार के दस खरब डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पूरा हो सके।

# एकेटीयू से 120 करोड़ की ठगी में आरोपी बिल्डर गिरफ्तार, दुबई में काट रहा था फरारी

लखनऊ, (संवाददाता)। एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के 120 करोड़ रुपये पार करने वाले गिरोह के प्रमुख गुर्गे बिल्डर मो. चांद उर्फ सनी जॉनसन को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने बुधवार को शहर से गिरफ्तार किया। आरोपी वारदात के बाद से दुबई में रह रहा था। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। इससे पहले मामले में दस आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी चांद केशव नगर फैजुल्लागंज स्थित एक अपार्टमेंट में रहता था। वह जेल में बंद गिरोह के गुर्गे राजेश बाबू के संपर्क में था। राजेश के जरिये ही वह अन्य साथियों से जुड़ा था। जब आरोपी अनुराग श्रीवास्तव बैंक अफसर बनकर एकेटीयू गया था तब चांद उसके साथ गया था, लेकिन विवि परिसर के बाहर ही रहा था। जब अनुराग विवि का फाइनेंस अफसर बनकर बैंक गया था तब भी चांद उसके साथ था। घटना के बाद उसको 50 लाख रुपये मिले थे। ठगी के बाद चांद ने एक एसयूवी खरीदी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि एसयूवी लेकर चांद पुणे एयरपोर्ट गया था। एसयूवी पार्किंग में खड़ी कर दी थी। वहीं से फ्लाइट पकड़कर दुबई चला गया था। पुलिस उस एसयूवी को पहले ही रिकवर कर चुकी है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी के साथ एसयूवी की भी बरामदगी दिखाई है।

साजिश के पांच बड़े किरदार, एक अभी लंदन में

पुलिस के मुताबिक अब तक की जांच में सामने आया है कि साजिश में पांच आरोपियों की मुख्य भूमिका रही। इसमें गुजरात का देवांश देसाई, राजेश बाबू, दिल्ली का मोसाय, चांद और अनुराग श्रीवास्तव हैं। देवांश लंदन में है। मोसाय का कोई सुराग नहीं लगा है। चांद ने बताया कि दुबई का उसका पूरा खर्च मोसाय ने ही उठाया है।

एकेटीयू की तरफ से बड़ी एफडी कराई जाती हैं। जून 2024 में इसकी प्रक्रिया होनी थी। यूनियन बैंक का मैनेजर बनकर अनुराग श्रीवास्तव नाम का शातिर विवि की एफडी प्रक्रिया में शामिल हुआ था। अनुराग ने ही विवि का फाइनेंस ऑफिसर बनकर बैंक से एफडी



संबंधी दस्तावेज तैयार किए थे और एकेटीयू के नाम से फर्जी खाता खुलवाया था। पांच जून को एफडी की 120 करोड़ की रकम खाते में आई थी। वहां से फाइनेंस ऑफिसर बनकर अनुराग ने एकेटीयू के फर्जी खाते में ये रकम ट्रांसफर करवा ली थी। इसमें से 100 करोड़ रुपये गुजरात के श्री श्रद्धा ट्रस्ट में ट्रांसफर किए गए थे। मामले में 18 जून को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरीश चंद्रा, शैलेश रघुवंशी, जोशी देवेंद्र प्रसाद, केके त्रिपाठी, दस्तगीर आलम, उदय पटेल और राजेश बाबू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद अनुराग श्रीवास्तव व अजय पटेल को भी दबोच लिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### दंपती का नहाते वक्त बनाया वीडियो

लखनऊ, (संवाददाता)। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अपार्टमेंट निवासी दंपती का किसी ने नहाते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। फिर आरोपी ने दंपती को वीडियो भेजकर छह करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वृद्धा ने बताया कि 11 फरवरी को रात करीब 11 बजे उनके बेटे और बहू के पास अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें छह करोड़ रुपये लेकर गोमतीनगर पहुंचने की बात लिखी थी। रंगदारी देने से मना करने पर आरोपी ने उन्हें बर्बाद करने की धमकी दी। कुछ देर बाद उसी नंबर से बहू और बेटे के पास वीडियो आया, जिसमें दोनों बाथरूम में नहाते दिख रहे थे। बेटे ने बाथरूम की फाल्स सीलिंग को ध्यान से देखा तो एक सुराख दिखा। आरोप है कि अज्ञात युवक कॉल कर रंगदारी मांग रहा है। इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र के मुताबिक जिस नंबर से दंपती को मैसेज और वीडियो भेजा गया है, उसकी जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवती के यौन शोषण और गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। मामले में चिनहट पुलिस ने आरोपी प्रेमबाग कॉलोनी निवासी रजत वर्मा को गिरफ्तार किया है। ज्तमदकपदह टपकमवे एसओ भरत पाठक के अनुसार, युवती ने बताया कि वह एक कार एजेंसी में काम करती है। कुछ वक्त पहले निजी कंपनी में काम करने वाले रजत वर्मा से उनकी मुलाकात हुई थी। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर उनका यौन शोषण किया। बाद में टालमटोल करने लगा। यही नहीं, आरोपी ने बाराबंकी के अस्पताल ले जाकर युवती का गर्भपात करा दिया। एक दिन पीड़िता जब आरोपी के घर पहुंची तो पता चला कि वह शादीशुदा है। युवती ने इस संबंध में डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से मिलकर शिकायत की। उनके आदेश पर चिनहट थाने में केस दर्ज किया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी रजत को कमता से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूलरूप से गोंडा के कोतवाली नगर का रहने वाला है।

### 12वीं के विद्यार्थी आज देंगे अंग्रेजी की परीक्षा

लखनऊ, (संवाददाता)। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। पहले दिन बृहस्पतिवार को आईएससी (12वीं) की इनवायमेंटल साइंस की परीक्षा तीन केंद्रों पर हुई। शुक्रवार को इंग्लिश लैंग्वेज का पेपर है। आईएससी की सिटी कोर्डिनेटर माला मेहरा के मुताबिक स्कॉलर्स होम, लॉ मार्टिनियर ब्वॉयज और मार्डन इंडियन स्कूल में इनवायरमेंटल साइंस की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक सीसीटीवी और पर्यवेक्षकों की निगरानी में हुई। 12 वीं में लखनऊ के 10,733 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। आईसीएसई (10वीं) की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी।

### किशोरी से छेड़छाड़, कोचिंग संचालक गिरफ्तार

लखनऊ, (संवाददाता)। चिनहट इलाके में मंगलवार को 13 साल की किशोरी से कोचिंग संचालक चिनहट के कमता विमलनगर निवासी रंजीत कुमार ने कोचिंग में छेड़छाड़ की। बुधवार को पीड़िता के परिजनों ने केस दर्ज कराया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ भरत पाठक ने बताया कि किशोरी निजी स्कूल में कक्षा–7 की छात्रा है। वह अजयनगर कमता में सिक्योर नॉलेज पॉइंट नाम की कोचिंग में पढ़ने जाती है। आरोप है कि मंगलवार को कोचिंग संचालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। घर पहुंचकर किशोरी ने आपबीती बताई। परिजन उसे लेकर कोचिंग पहुंचे, पर तब तक आरोपी भाग चुका था। मामले में पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज किया और बृहस्पतिवार को आरोपी को कमता इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीटेक, एमए सहित 17 विषयों के परिणाम घोषित

लखनऊ, (संवाददाता)। लविवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बृहस्पतिवार को स्नातक व परास्नातक के 17 विषयों के परिणाम घोषित किए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक सीएस, सीएसई, सीएसई एआई, ईई, ईसीई व एमई सातवें सेमेस्टर और एमटेक साइबर सिक्योरिटी, ईसीई, सीएसई एआई, एमई प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी हुआ। एमए फ्रेंच तृतीय व रक्षा अध्ययन प्रथम सेमेस्टर, बीजेएमसी एनईपी, बीएएमएस तृतीय, बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी सातवें, बीसीए पंचम और एमबीए लुम्बा तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी हुए हैं। भौतिक विज्ञान के हेड प्रो. ओंकार प्रसाद ने बताया कि बीएससी तृतीय व पंचम सेमेस्टर नॉन एनईपी छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 27 फरवरी को होगी। विद्यार्थियों को सुबह नौ बजे उपस्थित होना पड़ेगा। अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. शीला मिश्रा ने कहा कि बीएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के जिन छात्रों ने वोकेशनल कोर्स का चयन नहीं किया है वे 20 तक गूगल फॉर्म लिंक पर विषय चुन सकते हैं।

### डांट पड़ी तो युवती ने पी लिया फिनायल

लखनऊ, (संवाददाता)। पारा इलाके में रहने वाली युवती ने पिता की डांट से नाराज होकर फिनायल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने युवती की हालत खतरे से बाहर बताई है। युवती के पिता ने बताया कि बेटी अनजान युवक से फोन पर बात कर रही थी। इस बात पर उसे डांटा था। चौकी प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि युवती सीतापुर निवासी शादीशुदा युवक से चार माह पहले इंस्टाग्राम के जरिये संपर्क में आई थी। कुछ दिन से उसी युवक पर शादी का दबाव बना रही थी। विरोध पर उसने यह कदम उठा लिया।

### कर्नल की पत्नी से प्रॉपर्टी के नाम पर पांच लाख ऐंठे

लखनऊ, (संवाददाता)। पीजीआई इलाके के एल्डिको उद्यान–दो निवासी कर्नल संतोष कुमार मिश्रा की पत्नी शशि ने बिल्डर व उसके बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी के नाम पर पांच लाख रुपये ऐंठने की एफआईआर दर्ज कराई है। धमकाने का भी आरोप लगाया है। शशि के मुताबिक दो साल पहले उनकी मुलाकात सुशांत गोल्फ सिटी के ओमेक्स सिटी निवासी प्रॉपर्टी डीलर राज कुमार सिंह से हुई थी। राजकुमार ने उन्हें प्रॉपर्टी दिखाई थी। पसंद आने पर शशि ने उसे पांच लाख एडवांस दिए थे। किसी कारणवश सौदा रद होने पर जब रकम मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। दबाव बनाने पर रकम तीन महीने में लौटाने की बात कही। फिर वह भाग निकला। आरोपी ने आधार कार्ड पर भी अपना पता गलत दर्ज करा रखा था। तभी शशि को पता चला कि उन्हीं की तरह आरोपी ने अन्य लोगों के भी लाखों रुपये हड़पे हैं। कुछ दिन पहले राजकुमार व उसका बेटा अनुराग उनके घर आया और रकम मांगने पर हत्या की धमकी दी। इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी के मुताबिक मामले की तफ्तीश चल रही है। अलीगंज सेक्टर–ए निवासी शिराज फातिमा ने जालसाज पर 4.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। शिराज के मुताबिक आठ जनवरी को ठग ने टेलीग्राम पर ग्रुप के जरिये संपर्क किया था। क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया था। लालच में पड़कर उन्होंने 4.50 लाख रुपये निवेश कर दिए। मुनाफ होने पर जब रकम निकालनी चाही तो उनसे और रुपयों की मांग की गई। ऐसे में ठगी का अहसास हुआ।

# डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस मामले में शासन ने तलब की रिपोर्ट, जिलाधिकारियों को दिया निर्देश



लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत चिकित्सकों व चिकित्सा शिक्षकों द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस के मामले में कड़ाई शुरू हो गई है। सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों से इस संबंध में 20 फरवरी तक रिपोर्ट मांगी गई है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों के प्राइवेट प्रैक्टिस करने की शिकायतें मिल रही हैं। इस संबंध में डा. अरविंद गुप्ता बनाम राज्य व अन्य मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने भी विभाग से रिपोर्ट तलब की थी। पूरे मामले में सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों से जांच कर कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी। इसके बाद भी ज्यादातर जिलों से अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। इस बीच हाईकोर्ट में 10 फरवरी को हुई सुनवाई में यह मामला जनहित याचिका में बदल दी गई है। ऐसे में चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बृहस्पतिवार को सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। यदि किसी चिकित्सक अथवा चिकित्सा शिक्षक के खिलाफ ऐसी शिकायतें आई हों तो तत्काल समिति की बैठक कर उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति भेजी जाए। इसके लिए 20 फरवरी तक का समय दिया गया है।

# नौसेना अफसर का आरोप, मौका दिए बगैर सस्पेंड कर दिया डीएल

लखनऊ, (संवाददाता)।गोवा में सड़क किनारे खड़े नौसेना अधिकारी का स्थानीय ट्रैफिक पुलिस ने चालान कर दिया। जुर्माना भरवाया गया तथा डीएल निलंबन के लिए लखनऊ में एआरटीओ को संस्तुति की गई। अफसर का आरोप है कि उनका पक्ष सुने बगैर ही डीएल सस्पेंड कर दिया गया। मामला सीतापुर रोड स्थित ताड़ीखाना निवासी वैभव मिश्र का है। वह नौसेना में इंजीनियर पद पर गोवा में तैनात हैं। बीती 13 जनवरी को गोवा में सड़क किनारे दोपहिया वाहन खड़ा कर मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी बीच सब इंस्पेक्टर केशव गवोनकर ने उनसे डीएल मांगा। यूपी का डीएल देखकर वह अभद्रता करने लगा। हजार रुपये का चालान काट दिया और कारण भी नहीं बताया। उन्होंने ऑनलाइन चालान जमा कर दिया। वहीं सब इंस्पेक्टर ने डीएल सस्पेंशन के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को संस्तुति की। पत्र लखनऊ पहुंचने के बाद एआरटीओ देवा रोड हिमांशु जैन ने 15 जनवरी को प्रकरण से संबंधित नोटिस नौसेना अफसर को भेजा। इसका जवाब उन्होंने 31 जनवरी को स्पीडपोस्ट से भेजा। लेकिन उनका पक्ष सुना ही नहीं गया तथा तीन फरवरी को डीएल सस्पेंड कर दिया गया। इस बाबत एआरटीओ हिमांशु जैन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित रोड सेफ्टी समिति की गाइड लाइन के तहत कार्रवाई की गई है। 15 जनवरी को नोटिस भेजने के बाद दस दिन का समय दिया गया, लेकिन जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई।

# लागत से कम मूल्य पर खरीदे जा रहे अंडे

लखनऊ, (संवाददाता)। अंडों की खरीद उत्पादन लागत से कम मूल्य पर करने के विरोध में बृहस्पतिवार को अंडा उत्पादक किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने अंडों का मूल्य तय करने के लिए समिति का गठन करने की मांग की है। कुक्कुट विकास समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले पशुपालन निदेशालय निदेशक में एकत्र हुए अंडा उत्पादक किसानों की अगुवाई कर रहे समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह ने अंडा माफिया व नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी पर अंडे का उत्पादन लागत से कम मूल्य घोषित करने का आरोप लगाया है। कहा, एनईसीसी लगातार किसानों का शोषण कर रहा है। कहा कि सरकार की किसान समर्थक नीतियों को एनईसीसी, अंडा माफिया के साथ मिलकर बर्बाद कर रही है। इस मौके पर समिति के पूर्वांचल प्रभारी डीपी सिंह, सचिव मोहम्मद नाजिम, पश्चिमी यूपी प्रभारी मंसूर अहमद, रवि सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, मोदनवाल, वसीउल हसन, मोहम्मद आकिफ, मोहम्मद सैफ, नायाब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# पतझड़ का मौसम शुरू, धूल के गुबार ने बढ़ाई परेशानी

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। बुधवार रात शुरू हुई तेज हवा के बाद, बृहस्पतिवार को धूप भी बहुत कम असरदार नजर आई है। इस बदलाव के साथ ही पतझड़ की शुरूआत हो गई है। पतझड़ शुरू होने से शहर में धूल का गुबार उड़ने लगा है। इससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 13.2 रहा। बृहस्पतिवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे अधिकतम तापमान 26.4 व न्यूनतम 12.9 पर पहुंच गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बृहस्पतिवार से लेकर आने वाले दो दिनों तक 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी पछुआ हवा चलेगी। इससे दिन के पारे में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। रात के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। जबकि 16 से 20 फरवरी के बीच फिर पछुआ की रफ्तार थमेगी और दिन का पारा चढ़ेगा।

# लविवि में दो घंटे तक जमकर हंगामा-प्रदर्शन, नारेबाजी

लखनऊ, (संवाददाता)। छात्रवृत्ति फॉर्म अग्रसारित करवाने की तिथि बढ़ाने को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को छात्रों ने दो घंटे तक जमकर हंगामा–प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्रसभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पर ताला जड़ दिया। ऐसे में रजिस्ट्रार समेत अन्य कर्मचारी एक घंटे तक बंद रहे। एनएसयूआई ने कैशियर कार्यालय पर हंगामा किया। इस दौरान मांग उठाई गई कि विवि प्रशासन छात्रों के लिए जारी किए गए घोषणापत्र को तत्काल रद्द करे और फॉर्म अग्रसारित करने की तिथि बढ़ाए। समाजवादी छात्रसभा की लविवि इकाई के अध्यक्ष प्रिंस यादव ने बताया कि इस घोषणापत्र में लिखा है कि छात्र अपना फॉर्म तिथि बीतने के बाद जमा कर रहा है। ऐसे में अगर किन्हीं कारणों से फॉर्म अग्रसारित नहीं होता है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।